# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 4 मई 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



पसीद में किसान के घर में लगी आग लाखों का... 13



कांकेर और बालोद जिला सीमा विवाद के कारण रेत... 14

## खबर संक्षेप

### गोंड़वाना गोंड़ महासभा की बैठक 19 से ग्राम आवरी में

**बालोद।** ब्लॉक गोंडवाना गोंड महासभा की बैठक स्थानीय गोंडवाना भवन में संपन्न हुई ,उक्त बैठक में गोंडवाना संभाग स्तरीय तीन दिवसीय कार्यक्रम ग्राम अवारी में 19 से 21 मई की तैयारी को लेकर चर्चा हुई जिसमें समाज के प्रमुख एवं युवा प्रभाग निरंतर जुटे हुए है उक्त कार्यक्रम में अपने समाज के रीति रिवाज परंपरा को सीखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम को सफल बनाने विस्तार से चर्चा किया गया ,उक्त बैठक में गोंडवाना गोंड महासभा संभाग स्तरीय के महासचिव तुका राम कोर्राम ब्लॉक अध्यक्ष आत्म राम कौड़ो सचिव चन्दभान गावड़े सलाहकार भोला राम नेताम गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन जिला अध्यक्ष तुलेश्वर हिचामी केबीके सेना खोरबहारा मंडावी ,गोंडवाना समाज युवा ब्लॉक अध्यक्ष धनु नरेटी संरक्षक गंगाराम दर्रो सर्किल अध्यक्ष रामभरोसा दर्रो गोड़वाना स्टूडेंट ब्लॉक अध्यक्ष देव कोर्राम भीष्म पिता कुंजाम पवन गोटा शिवरानी नेताम वाधना दर्रो मनीष कोमरे सर्कल अध्यक्ष एवं युवा प्रभाग के सदस्य उपस्थित थे।

### सुशासन के समाधान शिविर कल से होंगे

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में 05 मई को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार, नेवारीकला, देवीनवागांव, अरौद, भोईनापार, खपरी, लोण्डी, बेलमाण्ड, पड़कीभाट, उमरादाह, हीरापुर, झलमला, सिवनी एवं बोरी के हितग्राही समाधान शिविर में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल संचाल हेतु वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी केआर पिस्दा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आरएसएस का 15 दिनी आवासी शिविर 17 से

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष ( विशेष) जिला मुख्यालय बालोद में होने जा रहा है। 17 मई से 01 जून तक होने वाले 15 दिवसीय आवासीय शिविर में लगभग 200 के संख्या में शिक्षार्थी शिक्षक और व्यवस्थापक गण रहेंगे।इस संघ शिक्षा वर्ग में ⏭ शेष पेज 12 पर

## मौसम : लाखों की क्षति, लोगों की दिनचर्या प्रभावित, लोग बेहद परेशान

# मौसम का कहर: सैकड़ों पेड़ धराशायी व ब्लैक आउट







हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

शहर में पिछले चार दिनों से मौसम ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। हर शाम तेज़ बारिश, आंधी और तूफान ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर में जहां एक ओर तेज़ हवाओं ने सैकड़ों पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया, वहीं दूसरी ओर बिजली के तार टूटने से कई इलाकों में अंधेरा छा गया। बारिश और तूफान की इस जोड़ी ने ऐसा तांडव मचाया कि जनजीवन थम सा गया है।

■ झुग्गी बस्तियों में पानी-कीचड़ ने किया बेहाल, लघु व्यापारियों का कारोबार चौपट

**लगातार नुकसान का सिलसिला-** शहर में तेज़ बारिश और तूफान की वजह से लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सड़कों पर गिरे हुए पेड़ों और बिजली के खंभों ने यातायात को बाधित कर दिया है। कई जगहों पर मकानों की छतें उड़ गईं, तो कहीं दुकानों में पानी भर जाने से व्यापारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में खड़ी फसलें भी इस आपदा का शिकार हुई हैं।

**विद्युत आपूर्ति बाधित-** तेज़ हवाओं और आंधी के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। टूटे हुए तारों और गिरे हुए खंभों के कारण शहर के कई हिस्सों में लगातार बिजली की आंख मिचौली देखी जा रही है। बिजली विभाग की टीमें मरम्मत में जुटी हुई हैं, लेकिन लगातार बारिश की वजह से काम में बाधा आ रही है।

**प्रशासन अलर्ट, राहत कार्य जारी-** स्थानीय प्रशासन ने हालात की गंभीरता को देखते हुए राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई है। नगर निगम, बिजली विभाग और वन विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार काम कर रही हैं। पेड़ों को हटाया जा रहा है, विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिशें जारी हैं और लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

**मौसम विभाग का अलर्ट-** मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह के मौसम की चेतावनी जारी की है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे बेवजह घरों से बाहर न निकलें, विशेषकर शाम के समय सतर्कता बरतें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करें।

**स्थानीय निवासियों की व्यथा-** स्थानीय निवासी इस बदले मौसम से बेहद परेशान हैं। एक निवासी ने बताया, "हर शाम ऐसा लग रहा है जैसे कोई बड़ा तूफान आ रहा हो। बच्चों और बुजुर्गों की चिंता सबसे ज्यादा सता रही है।" कई लोगों को बिजली न होने के कारण रातें अंधेरे में बितानी पड़ रही हैं। दल्लीराजहरा में मौसम का यह कहर कब थमेगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन प्रशासन की कोशिशें और जनता की सतर्कता ही इस आपदा से निपटने का एकमात्र रास्ता है।



### ग्राम कसही में आंधी से उड़ा गया टिन शेड

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र में एक दिन बाद आंधी तूफान ने फिर कहर बरपाया है, गुरुवार को आंधी तूफान के साथ बारिश भी हुई थी, लेकिन शनिवार को तेज आंधी से तबाही की खबरें आ रही है,लगभग 4.15 प्रारंभ हुई आंधी तूफान से समीप के ग्राम कसही में कृपा राम साहू के घर में लगे टीन का सीट उड गया, जिसमें लगभग आधा घर खुला हो गया,गांव में बंदरों के आतंक के चलते कच्ची घरों में लोगों ने खपरैल को हटाकर टीन का सीट लगाए है, उप सरपंच नरेंद्र साहू व पंच यशवंत साहू ने बताया कि आंधी तूफान से कृपाराम साहू के घर को बहुत नुकसान हुआ है।

## कार व बाइक पर होर्डिंग्स गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शनिवार की शाम एक बार फिर जिला आंधी तुफान की चपेट मे आ गया। तेज हवा के बाद तेज बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज हवा से जहां पेड़ गिरे, वही जिला मुख्यालय मे कार एवं मोटर सायकल के ऊपर भारी भरकम होल्डिग गिर गया। जान के नुकसान के समाचार नही है, लेकिन अभी आर्थिक क्षति हुई।

बीते एक सप्ताह से जिला रूक रूक कर आंधी तुफान की चपेट मे आ रहा है, गुरूवार को आई आंधी तुफान के बाद शुक्रवार को मौसम शांत रहा। लेकिन शनिवार को शाम 4 बजे अचानक मौसम बदलने लगा एवं 5 बजे तक तेज आंधी हवा चलने लगी। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क पर दोपहिया वाहनो को चलाने मे मुि"कल आई। वही जगह जगह पेड़ टूट कर गिर गया। झलमला गुरूर मार्ग मे एक पेड़ टूटकर बीच सड़क मे गिर गया जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग 930 बाधित हो गया। वाहन चालको ने पेड़ को हटाकर वाहन चलने लायक बनाया। जिसे ग्रामीणो ⏭ शेष पेज 12 पर




**आर्थिक क्षति हुई जनहानि नहीं**

## तांदुला में डूबे मछुआरे की लाश 38 घंटे बाद मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

तांदुला जलाशय में गुरुवार शाम को आई तेज आंधी-तूफान के कारण पानी की तेज लहरों में ग्राम बोरिद निवासी मछुआरे सोमन निषाद का मृत शरीर घटना के लगभग 38 घंटे बाद जलाशय में उफला हुआ मिला ,सोमन निषाद का मृत शरीर मिले जाने सूचना बालोद थाना में दी गई , पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर शव को जलाशय से बाहर निकलवाकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बालोद भेजा गया जहा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सोपा गया तदपश्चात ग्राम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के परिजन व ग्रामीण शनिवार को सुबह लगभग 6 बजे नाव लेकर जलाशय में सोमन निषाद की खोजबीन करने निकले थे की जलाशय के बीच में जिसे ग्रामीण मुख्य नदी बता रहे है वहा पर पानी के ऊपर एक व्यक्ति का शव औंधे मुंह पड़ा हुआ देखा जिसकी जानकारी बालोद थाना में दी गई ,पुलिस बल के साथ एस डी आर एफ की टीम भी ग्राम बोरिद घटनास्थल पहुंची। जलाशय के तट से पुलिस बल एक नाव में व एस डी आर एफ की टीम अपने नाव से ग्रामीणों के बताए गए जगह पहुंची , जहा पर शव मिला वहा से शव को एस डी आर एफ की टीम पानी में खींचकर तट से लगभग 100 मीटर दूर तक लाया गया उसके बाद शव को स्ट्रेचर में लादकर बाहर लाया गया ,मृतक का शरीर फूल गया था ,शरीर का रंग बदल गया ,आंखों के पास कीड़े,मछली के काटने से खून निकल रहा था ,दोनो हाथ अकड़ा हुआ था ,शव सोमन निषाद का पहचान किया गया शनिवार सुबह से ग्रामीण जलाशय के तट के किनारे एकत्रित होने लगे थे ,सोमन निषाद का शव मिलने की जानकारी मिलते ही उसके दोनो लड़की व लड़का जलाशय के तट के पास ⏭ शेष पेज 12 पर

■ मृतक का शरीर फूल गया था, शरीर का रंग बदल गया, आंखों के पास कीड़े, मछली के काटने से खून निकल रहा था

## अनुशासित होकर ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आ मा पा रा बालोद के तत्वाधान में 1 मई से 10 मई तक समर कैंप का आयोजन जारी है। समर कैंप के तृतीय दिवस में राजयोगिनी बीके सरिता दीदी ने कहा कि जैसे हम आत्मा ज्योतिबिंदु निराकार हैं, वैसे आत्मा के पिता परमात्मा भी ज्योतिबिंदु निराकार है जिसका नाम शिव है, इसके साथ बीके रेनू दीदी ने बच्चों को पॉजिटिव थिंकिंग भी दिया। उन्होंने बताया कि आईएम इंपॉर्टेंट, आईएम ब्यूटीफुल, आईएम स्ट्रांग, आईएम पावरफुल यह हमको सुबह उठने के बाद बोलना है और रात में सोने के पहले हमको बोलना है इसके ⏭ शेष पेज 12 पर

■ ब्रह्माकुमारीज का 10 तक जारी समर कैप में डेकोरेशन और क्विज कॉम्पिटिशन भी कराया



## जातिगत जनगणना पर केंद्र का निर्णय, राहुल की जीत

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने जातिगत जनगणना के इस ऐतिहासिक फैसले का श्रेय नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी को दिया हैं, जिन्होंने लंबे समय से इस मुद्दे को जन-जन तक पहुँचाया और सरकार पर निरंतर दबाव बनाया। राहुल गांधी ने अपनी हर जनसभा, मीडिया के माध्यम से और संसदीय भाषणों में जातिगत जनगणना की मांग को प्रमुखता दी। उनका कहना था कि देश के पिछड़े, दलित और आदिवासी तबकों को न्याय दिलाने के लिए यह जनगणना जरूरी है ताकि वास्तविक आंकड़ों के आधार पर संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण हो सके। उन्होंने उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक अपने भाषणों में बार-बार कहा, जब तक जाति की गिनती नहीं होगी, तब तक हक की बुनियाद अधूरी रहेगी।/" सरकार की आरंभिक असहमति के बावजूद, उन्होंने इस मुद्दे को लगातार जीवित रखा। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे वर्षों से वंचित तबकों को न केवल पहचान, बल्कि अधिकार भी मिलेगा। देश की जनता की ओर से एक भावनात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही है धन्यवाद राहुल गांधी जी, आपने हमारी आवाज़ को संसद तक पहुँचाया और सरकार को झुकने पर मजबूर किया।




## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**

**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।

आवेदक का नाम________________________

पिता/पति________________________ जन्म तिथि________________

वर्ग अनुज जाति____________अनु जाति____________ अन्य पि. वर्ग____________

सामान्य____________पत्र व्यवहार का पता________________________

________________________ पिन कोड____________

मो. नं.________________________बाट्सअप नं________________

पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________

में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.____________

हस्ताक्षकर________________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


### पाप से मुक्ति केवल भगवान के शरणागत होने पर मिलती है

## कर्मों के पाप से मुक्ति का साधन है मानव जीवन : भागवताचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

मानव जन्म से पाप मुक्त होता है, मानव अपने कर्मो से पाप पुण्य के भागी बनते है, जो व्यक्ति दूसरो की संपदा का हरण करता है, पर स्त्री पर गलत नजर रखता है, मांशाहार करता है, जीव हत्या करता है, जीव प्रताड़ना करता है, अतिथि का सेवा भाव सत्कार नही करता वह पाप के भागीदार बनता है। उक्त बाते नगर प्रतिष्ठित व्यावसायी विमल टुवानी के निवास स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे भागवताचार्य आकाश पाण्डेय ने कही। उन्होने कहा जाने अनजाने हुए पाप से मुक्ति पाना है तो भगवत शरण मे जाना चाहिए। सच्ची श्रद्धा समर्पण एवं भक्तिभाव से भगवत स्मरण करने से, भजन कीर्तन करने से, संतो की संगति से, भगवान की कथा सुनने से पापो से मुक्त मिल सकती है। कलयुग मे तो अनजाने मे भी भगवान का स्मरण करने से मुक्ति मिलती है। भगवान का नाम लेने से यमदूत समीप भी नही आते। उन्होने कहा जो एकाग्रचित होकर भगवान की कथा सुनता है। भगवान का नाम जाप करता है, भजन करता है ताली की सेवा करता है एवं भगवत चरित्र कथा को जीवन मे उतारता है यम दूत उसके समीन भी नही आते। भगवान सभी भक्तो पर कृपा करते है। उन्होने ब्राम्हण अजमल की कथा सुनाते हुए कहा पूर्व मे बड़े बुजुर्ग बच्चो का नाम भगवान के नाम पर रखते थे। जिससे हर पल उनके मुंह से भगवत नाम उच्चारण होता था। आजकल ऐसे नाम रखे जाते है जिसका कोई अर्थ ही नही निकलता। पंडित आकाश शर्मा ने कहा ब्राम्हण का कार्य है ज्ञान देना, जब ब्राम्हण ज्ञान की बाते भूल जाए तो उसकी दुर्गती होती है। पंडित आकाश पाण्डेय ने कहा भगवान वि"व का कल्याण करने, धर्म की रक्षा कर धर्म की स्थापना के लिए भारत भूमि मे ही जन्म लेते है, क्योकि भारत वर्श वि"व की आत्मा है, भारत भूमि मे ही भगवान ने विभिन्न रूपो मे अवतार लेकर दुष्टो, दैत्यो का संहार किया है।

■ मांसाहार और जीव की हत्या से सदैव बचने का प्रसास करें और दया करने की आदत डालें





## खबर संक्षेप



### अवैध गांजा बिक्री करने वाली महिला को किया गिरफ्तार

**सेलूद।** ग्राम लोहरसी निवासी देवन्तीन मेहर से अवैध गांजा जब्त किया गया है। मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने एवं रखने की सूचना पर थाना प्रभारी पाटन निरीक्षक अनिल कुमार साहू के कुशल नेतृत्व में थाना स्टाफ एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम लोहरसी निवासी देवन्तीन मेहर नामक महिला के मकान की घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी देवन्तीन मेहर पति अनिल मेहर उम्र 40 वर्ष निवासी बड़े पारा, ग्राम लोहरसी के पास से 565 ग्राम कीमत 6,000 रूपये मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ एवं 1,660 रूपये नगदी बिक्री रकम जुमला कीमती 7,660 रूपये मिला। जिसे जप्त कर आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है।

### भरत वर्मा से मिलकर जाना स्वास्थ्य का हाल चाल



**सेलूद।** राष्ट्रीय महामंत्री लोधी महासभा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ भरत वर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल पहुंचे। घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़, गिरवर जंघेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी महासभा एवं पूर्व विधायक खैरागढ़, सुरेश सिगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ ने हाल चाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### प्रभारी ने ली विद्युत विभाग की बैठक

**दुर्ग।** विद्युत, यंत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने समिति के सदस्य और अधिकारी के साथ एमआईसी कक्ष में ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में मच्छरों से निजात पाने प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग मशीन सप्ताह में दो बार हो इसके लिए मशीन और दवाई एवं अन्य जो भी आवश्यकता हो प्रस्ताव लाएं।

### जनप्रतिनिधि थोथे प्रचार में जुटे, निदान की ओर ध्यान नहीं

# सरकारी हॉस्पिटल में जल संकट मरीज परेशान, कर्मचारी बेहाल

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगी प्रदर्शन की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंगरगांव

सुशासन लाने के दौरान में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुप्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार होकर बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहा है। यहां भर्ती मरीजों को अपनी प्यास बुझाने और दैनिक नित्यकर्म के लिए खुद पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। हालात यह आ गए है कि हास्पिटल में संचालित लेब और ड्रेसिंग रूम में पानी की अनुलब्धता के कारण कर्मचारियों को हलाकान होना पड़ रहा है। लंबे समय से परेशान होने के बाद कर्मचारियों ने शुक्रवार को मोर्चा खोलते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने की अनुमति मांगा।

उल्लेखनीय है कि चार साल पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नए भवन में शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट होने के बाद से हास्पिटल में जल संकट बना हुआ है। पानी के लिए तीन चार बोर किया गया जो असफल हो गए वहीं हास्पिटल से मुख्य मार्ग तक पाईप लाईन बिछाकर पानी लाने का प्रयास किया गया जो भी सफल नहीं हो सका है। वर्तमान में स्थिति यह है कि मरीजों को उपचार के लिए भर्ती होने पर पानी का इंतजाम खुद करना पड़ता है। जल संकट के चलते कूलर भी पानी नहीं डलता जिससे मरीजों को गर्मी में झुलसना पड़ रहा है। बीते साल भी यही हालात बने हुए थे तब भाजपा नेताओं ने हास्पिटल पहुंचकर व्यवस्था को दुरूस्त कराने का आश्वासन दिया था।



#### हलाकान कर्मचारी आए सामने

जल संकट से अस्पताल के कर्मचारियों ने शुक्रवार को हास्पिटल से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए संकट के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जलसंकट को गत 20 अप्रैल को बैठक आयोजित किया गया था जिसमें नपं अध्यक्ष, पार्षद, तहसीलदार, सीएमओ आदि शामिल हुए थे। बैठक में प्रतिदिन 2 टेंकर पानी देने का आश्वासन दिया गया था किन्तु इस दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है। पानी की अनुपलब्धता के कारण मरीजों और कर्मचारियों के बीच आए दिन विवाद के हालात बन जाते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान बी देवांगन, घनश्याम साहू, जसवंत कोडापे, टिकेश्वरी साहू, कौशल साहू, विशाल खत्री, शुभम गुर्वे, बसंत, रानी ठाकुर, सतीश, खेमवंतीन, किशोर, निरंजन, पुष्पा आदि मौजूद थे।

## जंजगिरी में 30 कट्टा पीडीएस का चावल पकड़ाया

**कुम्हारी।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के एक राशन दुकान से मंगलवार को 30 कट्टा पीडीएस चावल को दुकान संचालक द्वारा अन्यत्र कहीं ले जाया जा रहा था जिसे ग्रामवासियों एवं भाजपा के पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ लिया गया। इसके बाद कुम्हारी थाने में सूचना देकर उसे थाने के सुपुर्द किया गया। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता देर रात तक कार्यवाही की मांग को लेकर थाने में ही डटे रहे।



शिकायत के बाद बुधवार को खाद्य निरीक्षक सुधा महिलांग द्वारा थाने पहुंच कर जप्त किये पीडीएस चावल का सेंपल लेकर पंचनामा तैयार कर जांच के लिए भेजा गया। वहीं शुरुआती जांच में बताया गया कि उक्त चावल को जंजगिरी कुम्हारी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 431006015 संचालनकर्ता महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा दुकान से पीडीएस चावल प्लास्टिक बोरे में 30 कट्टा भर्ती 50 किग्रा नीले कलर के ऑटो क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 2058 में भरकर ले जाया जा रहा था जिसे जंजगिरी के ग्रामीणों एवं पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ा गया। थाना कुम्हारी के डायल 112 पेट्रोलिंग के द्वारा चावल से भरी गाड़ी को थाना कुम्हारी परिसर में रखा गया। 29 अप्रैल को शासकीय उचित मूल्य दुकान 481006015 में पकड़ी गई चावल गाड़ी को विक्की सिंह तथा (हेल्पर) सहयोगी निरंजन पाल द्वारा चलाया जा रहा था। हालांकि इस विषय पर गाड़ी चालक हेल्पर एवं महामाया महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष मंजू साहू एवं उनके पति लोकेश साहू से जानकारी ली गई। बुधवार को मौके पर पहुंचे भिलाई 3 तहसीलदार पवन सिंह ठाकुर ने उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकान को आगामी आदेश तक सील कर दिया है। प्राथमिक जांच के आधार पर कुम्हारी थाना द्वारा धारा 151 के तहत कार्यवाही कर जांच किया जा रहा है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि विगत लंबे समय से कई स्थानीय शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अनियमितताओं की जानकारी आ रही थी और उनपर कार्यवाही भी हुई है। इस बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली राशन में गड़बड़ियां बर्दाश्त नही की जाएगी। एक ओर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को चावल नही मिलता और दूसरी ओर इस तरह की घटना बेहद दुखद है इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में जंजगिरी के पार्षद लोकेश साहू, मिथलेश यादव, कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, उमाकांत साहू, रामकुमार सोनी, प्रवीण राव और सुजीत यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर यातायात जाम की समस्या को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आम आदमी पार्टी के तत्वावधान पर दुर्ग जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर निरंतर यातायात जाम की गंभीर समस्या को लेकर दुर्ग कलेक्टर

- समस्या का शीघ्र निराकरण करने का दिया आश्वासन

अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि यह मार्ग न केवल रेलयात्रियों, बल्कि स्कूल, कॉलेज जाने वाले छात्रों एवं आम नागरिकों के लिए प्रमुख यातायात मार्ग है। सड़क की संकरी संरचना एवं अनियंत्रित वाहनों के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे यात्रियों को ट्रेन तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है और समय पर स्टेशन पहुंच पाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है।

आम आदमी पार्टी ने इसी अति महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए दुर्ग कलेक्टर के नाम पर संयुक्त कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपते हुए जनता के हित के लिए प्रमुख तथ्यों की मांग की। साथ ही संयुक्त कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों तक इसकी जानकारी भेजते हुए समस्या का शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन भी दिया है।



वहीं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मांग की है कि प्रवेश मार्ग पर यातायात नियंत्रण हेतु विशेष टीम की नियुक्ति, अवैध रूप से खड़े किए गए वाहनों पर कड़ी कार्रवाई, रेलवे पार्किंग स्थल की उपलब्ध जमीन के एक हिस्से को सड़क विस्तार के लिए उपयोग में लाने पर विचार, दीर्घकालिक समाधान के लिए नए मार्ग का निर्माण। इस जनहित के विषय पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हम सभी नागरिकों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए किए गए इस सकारात्मक प्रयास में ज्ञापन सौंपने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव देविन्दर सिंह भाटिया, लोकसभा अध्यक्ष दुर्ग गीतेश्वरी बघेल, लोक सभा सचिव दुर्ग ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला महासचिव दुर्ग दिवाकर सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश धीवर, शंकर ठाकुर, शिवा रायडु साथ ही पार्टी के अन्य सदस्य भी शामिल थे।

## हटाए गए सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी: विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मंत्री परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई थी, लेकिन हमारी सुशासन की सरकार ने इन युवा साथियों की परेशानियों और संघर्ष को समझा एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का निर्णय लेकर सभी 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों की मेहनत और लगन को सम्मान दिया है। विधायक ललित चंद्राकर ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से मिलकर बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे और मेरे निवास स्थान पर आकर मुझे भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया था उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर लगातार मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री को अवगत कराया था कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।



- विधायक ललित ने मुख्यमंत्री साय व कैबिनेट का माना आभार

## ट्विनसिटी में कैंडल जलाकर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भिलाई।** सतनामी समाज ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा अल मदद एजुकेशन और वेलफेयर सोसाइटी ने भी घटना की निंदा करते हुए मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश के आमजनों में रोष व्याप्त है। इसे लेकर शहर के अन्य सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक संस्थाओं ने भी कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सांसद बघेल ने कृषि वानिकी की पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सांसद निवास पर सांसद विजय बघेल द्वारा शुक्रवार को डॉक्टर शशिभूषण शर्मा और डॉक्टर समिधा पांडेय द्वारा लिखी गई पुस्तक 'कृषि वानिकी' का विमोचन किया गया। इस मौके पर सांसद बघेल ने कहा कि इस पुस्तक में कृषि वानिकी से संबंधित विषयों का समावेश छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में किया गया है। छत्तीसगढ़ में किसान पारंपरिक कृषि वानिकी के विभिन्न मॉडल का अपनाकर अपनी जरूरतों की पूर्ति करते हैं। आज के परिपेक्ष में कृषि वानिकी के नए मॉडल जैसे फलदार वृक्ष, इमारती लकड़ी देने वाले वृक्ष, फूलों की खेती, औषधीय पौधों की खेती कर कृषक अच्छा लाभ कमा सकते हैं। कृषि वानिकी आज के समय की जरूरत है इसमें किसान अपनी भूमि का पूरा उपयोग करते हैं। इस पुस्तक में लेखकद्वय द्वारा छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में बहुउपयोगी विषयों का समावेश किया गया है। इस मौके पर ज्ञान सिंह राजपूत, टीआर साहू, अशोक शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, यशवंत राव, देवेन्द्र चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

- कृषि वानिकी से संबंधित विषयों का समावेश छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में किया गया है



### सेक्टर-5 स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

## श्रमिकों के सम्मान में बासी तिहार कांग्रेस सरकार ने किया था शुरू: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 मई श्रमिक दिवस पर मजदूरों के सम्मान में आयोजित बोरी बासी तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरागत भोजन शैली के प्रतीक बोरे-बासी का अपना महत्त्व है। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे। भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बोरे-बासी, आम का अचार, टमाटर की चटनी और भाजी का स्वाद चखा। उन्होंने कहा कि 1 मई को हम मजदूर दिवस के रूप में मनाते हैं। जब हम सरकार में थे, तब हमने यह परंपरा शुरू की थी कि इस दिन श्रमिकों के सम्मान में बोरे-बासी तिहार मनाया जाए। यह न केवल हमारी परंपरा को सहेजता है, बल्कि श्रमिकों के साथ हमारे जुड़ाव को भी दर्शाता है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार पर जाति जनगणना को लेकर तीखा प्रहार भी किया। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना की मांग सबसे पहले राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाई थी, ताकि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं की सही तस्वीर सामने लाई जा सके। जातिगत आंकड़े स्पष्ट करेंगे कि किस वर्ग की आबादी कितनी है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है, उन्होंने कहा। भूपेश बघेल ने यह भी कहा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक सीमित रखना एक कृत्रिम व्यवस्था है, जिसे खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने निजी संस्थानों में भी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने की वकालत की। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि जाति जनगणना के फॉर्मेट में यह उल्लेख होना चाहिए कि कितने लोग कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत हैं, ताकि सामाजिक न्याय की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कभी प्रधानमंत्री कहते थे कि देश में केवल चार जातियां हैं, लेकिन राहुल गांधी के अभियान के दबाव में अब सरकार को जाति जनगणना की ओर झुकना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि केवल कैबिनेट स्तर पर फैसला लेने से काम नहीं चलेगा, जब तक कि इसे धरातल पर लागू न किया जाए। भूपेश बघेल ने पाकिस्तान में फंसे बीएसएफ जवान के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार इस मामले में गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर भारत सरकार को उच्च स्तरीय वार्ता करनी चाहिए और जवान को सुरक्षित भारत लाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करने चाहिए।



पेज 11 के शेष...

### कार व बाइक...

ने बाद मे काटकर रास्ता साफ किया। जिला मुख्यालय मे गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दी चौकी के निकट बसे ग्राम पसौद मे ग्रामीण तोरण साहू के मकान मे शनिवार को करीब शाम 4 बजे अचानक आग लग गई। घटना के वक्ता घर पर कोई नही था। घटना मे उत्तम साहू का कोठार एवं लाल दास की बाड़ी भी आग की चपेट मे आ गई। घटना मे अनाज एवं घर मे रखे घरेलू सामान व कागजात जल गए, आग कैसे लगी यह स्पष्ट नही हो पाया है।

### तांदुला में डूबे...

पहुंच गए थे ,लड़कियों का रो रो कर बुरा हाल था ,और वे अपने पिता का शव को देखने की जिद पर अड़ी थे ,परिजनों के समझाइस पर उनको जलाशय से शव आने के पहले घर भेजा गया।

**प्रशासन की कार्रवाई से ग्रामीण नाराज**

गोरतलब है की सोमन निषाद रोज की तरह थर्मोकोल से बनी डोंगा लेकर गुरुवार शाम जाल के साथ तांदुला डेम गया था। करीब शाम 5 बजे अचानक तेज आंधीऔर तूफान शुरू हो गया ।जिससे जलाशय में बड़ी-बड़ी लहरें उठनेलगीं,अचानक मौसम परिवर्तन होने तेज हवा ,बारिश तेज लहरों में थर्मोकोल से बनी डोंगा लहरों की चपेट में आकर उछल गई होगी व उसमे सवार सोमन निषाद जलाशय में गिर गया था ,शुक्रवार को ग्रामीण व मछुवारों की टीम एक नाव में और एस डी आर एफ की टीम अपने नाव में शाम तक जलाशय के चारो ओर खोजबीन करते रहे किंतु सोमन निषाद का कोई पता नहीं मिला था। जलाशय में मछली का ठेका लेने वाले ठेकेदार की लापरवाही ही कही जाए की जलाशय में थर्मोकोल से बनी नाव से जाल सहित अन्य कार्य करवा रहे थे ,मछुवारे आमतौर पर लकड़ी , फाइबर और रबर की नावों जैसे कई प्रकार की नावों का उपयोग करते है किंतु उक्त जलाशय के ठेकेदार के द्वारा थर्मोकोल से बनी नाव से जलाशय मे कार्य करवाया जा रहा था,उक्त नाव में जाल की एक दो बोरिया भी उक्त नाव में लेकर गया था ,थर्मोकोल से बनी नाव में सुरछा के कोई इंतजाम नहीं था ,मृतक को लाइफ जैकेट भी नही दिया गया था ,नही तो शायद उसकी जान बच जाती। मृतक के शव को जलाशय के बीच से तट के समीप तक पानी में खींचकर लाने को ग्रामीणों ने प्रशासन की मानवता को शर्मशार करने वाला व अमानवीय कृत्य बताया ,मृतक के शव को गोताखोरों की मदद से नाव के अंदर रखकर लाना था ,किंतु शव मिलने के स्थान से लगभग 1.5 किलोमीटर तक पानी में शव को एस डी आर एफ की टीम खींच कर लाया गया ,जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त था की मरने के बाद तो उसके शरीर को ठीक से लाना था ग्रामीण मृतक के शव 36 घंटे बाद मिलने से गमगीन थे।

### आरएसएस का...

प्राथमिक वर्ग किए हुए जिनकी उम्र 40 वर्ष से ऊपर हो चुकी है ऐसे स्वयंसेवक के लिए यह विशेष वर्ग लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह एक निरंतर चलने वाला प्रशिक्षण संघ शिक्षा वर्ग है जो प्रतिवर्ष देश के सभी राज्यों में निरंतर लगता है। बालोद जिला को यह अवसर प्रथम बार मिला है । व्यवस्था की दृष्टिकोण से जिले के सभी विकासखंड के स्वयंसेवक अपना तन मन धन से सहयोग करेंगे।

### अनुशासित होकर...

साथ–साथ दिया डेकोरेशन कांपीटीशन और क्विज कॉम्पिटिशन भी कराया गया साथ में म्यूजिकल एक्सरसाइज के साथ बच्चों को प्राणायाम एवं ब्रेन जिम भी कराया गया। शिविर में मनीषा बहन ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है, अनुशासित होकर ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और एक अच्छा इंसान बन सकते है,जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन जरूरी है, खासकर विद्याथऍ जीवन में तो इसका बहुत महत्व है। वह विद्याथऍ ही क्या जो अनुशासित ना हो, एक अनुशासित विद्याथऍ ही सफलता की मंजिल तक पहुंच सकता है। राजयोगिनी बीके सरिता दीदी ने कहा कि हम केवल शरीर ही नहीं बल्कि इस शरीर को चलने वाली शक्ति आत्मा है, आत्मा ही पूरे शरीर का कंट्रोल करती है, आत्मा की तीन शक्तियां हैं मन, बुद्धि और संस्कार। मन का काम है सोचना, बुद्धि का काम है निर्णय लेना, संस्कार जो कर्म हम बार–बार करते हैं, वह हमारे संस्कार कहलाते हैं इसके अलावा बीके रेनू दीदी ने सबको मन एक्सरसाइज भी कराया। बालोद की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी बच्चों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में आकर इस शिविर के माध्यम से अपने अंदर छिपे हुए शक्तियों और गुणों को जागृत करें।

## खबर संक्षेप



### बारात से वापस लौट रहे युवक पर हमला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चौक, इंदिरा नगर, वार्ड 16 सुपेला निवासी रविन्द्र कुमार सिंह ने शिकायत किया था कि दोस्त धर्मेन्द्र साहू के शादी की बारात में शामिल होने मुतर्जर संजय सेट्ठी, अरूण चौहान समेत अन्य के साथ दुर्ग बैगापारा आया था। खाना खाकर पीड़ित अपने घर जाने के लिये बैगापारा मिनी स्टेडियम के बाहर शीतला मंदिर के सामने खड़ा था। इस दौरान बैगापारा शीतला मंदिर के पास दुर्ग निवासी विक्की यादव उर्फ सिद्धी विनायक बिना कारण विवाद करने लगा। संजय सेट्ठी, अरूण चौहान उसे समझाने का प्रयास किया। विक्की अपने दोस्त मनीष यादव, इशु यादव को बुलाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इशु यादव हाथ में रखे चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। जांच में पुलिस ने विक्की यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना को मनीष यादव, इशु यादव के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। फरार आरोपी इशु यादव की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### घर को डीजल से जलाने का प्रयास



**भिलाई।** घर में डीजल उडेलकर आग लगाने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 328(जी), 62, 190(3), बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि संजू तिवारी ने शिकायत किया था कि रोहित तिवारी उसका दोस्त राजा बिल्ली दोनो राहुल सिंह पर प्राण घातक हमला किए थे। जिसका उपचार सुपेला निजी अस्पताल में जारी है। 30 अप्रैल की रात सभी अपने घर में सोए हुए थे। इस दौरान डीजल की बदबु और घर के बाहर चिल्लाने की आवाज आने पर पीड़ित घर के बाहर निकलने पर देखा 10-12 लोगों के हाथों में डीजल कंटेनर पकड़े हुए है। इसमे चार के पास हांथ में कई हथियार लेकर खडे है। युवकों द्वारा राहुल भाई पर हमला किए हो बजरंगी और टकला ने जलाकर मारने भेजा है। पीड़ित के शोर मचाने पर सभी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से शंकर नगर चौक सुपेला निवासी अनीष यादव, शंकर पारा सुपेला सोनू यादव समेत अन्य 8 अपचारी बालको को को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है।

# पसीद में किसान के घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**आगजनी के समय घर पर कोई नहीं था, आंधी के कारण आग लगने के कारण अस्पष्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़





गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत हल्दी चौकी से लगे 4 किलोमीटर दूर ग्राम पसौद में ग्रामीण तोरण साहू के मकान में शनिवार को करीब शाम 4 बजे अचानक आग लग गई। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। इसी बीच तेज आंधी तूफान भी चल रहा था आग कैसे लगी इसका स्पष्ट खुलासा तो नहीं हो पाया है। और देखते-देखते आग की लपटों ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझाने का भरपूर प्रयास करते रहे। पर कुछ सामान नहीं बचा पाए। गनीमत घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। मकान मालिक तोरण साहू और उनकी पत्नी धान काटने के लिए खेत गए हुए थे। इस बीच उनकी पत्नी सुशीला बाई साहू करीब 4:15 बजे मवेशियों को बांधने के लिए घर आई तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। देखते-देखते आग की लपटों ने आसपास के मकानों और बाड़ी को भी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस घटना में तोरण साहू के मकान के अलावा उत्तम साहू के कोठार और लाल दास का बाड़ी भी चपेट में आ गया। आगजनी की इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा रहा। आग ऐसे मकान में लगी थी जहां से आसपास घिरे हुए दर्जनों मकान थे। अगर आग नहीं बुझा पाते तो और भी मकान चपेट में आ जाते। सबसे ज्यादा नुकसान तोरण साहू को हुआ है। उनका पूरा घर और घर में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में तीन गाड़ा धान, एक फ्रिज, कूलर, तीन पंखा, अलमारी, कपड़े, दीवान, सोफा, कुछ सोने चांदी के आभूषण, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ऋण पुस्तिका आदि सब आग की चपेट में आ गए। अनाज में गेहूं, चना, पांच कट्टा चावल भी कुछ नहीं बचा, सब जलकर खाक हो गया। ग्रामीण तोरण साहू को लाखों का नुकसान हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर हल्दी चौकी प्रभारी नंदकुमार साहू और उनकी टीम शाम 5 बजे से ही मौके पर पहुंच गई थी और व्यवस्था बनाने में लगी रही। दमकल (फायर ब्रिगेड) बुलवाकर आग को काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन आंधी तूफान इतना था कि आग बुझाने के बजाय लपटे तेज हो रही थी और धीरे-धीरे चंद घंटे के भीतर पूरा मकान और सामान खाक हो गया तोरण साहू को पीएम आवास योजना का लाभ भी अभी नहीं मिला है। फिलहाल इस आगजनी से घर से बेघर हुए तोरण साहू और उनके परिवार ने अपने भाई के मकान में शरण ली है। आसपास के लोग भी अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। पर आग की लपटें इतनी ज्यादा फैल चुकी थी कि स्थिति काबू में नहीं आ रहा था फायर ब्रिगेड भी घटना के लगभग ढाई घंटे बाद शाम 6:30 बजे मौके पर पहुंची और देर रात तक आग पर काबू पाया गया। आग को अगर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आसपास स्थित मकान भी इसकी चपेट में आ जाता।

**कार्यक्रम : राष्ट्रीय विचार मंच की विचार गोष्ठी में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित कई लोग हुए शामिल**

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में बड़ा फैसला खर्च की बचत होगी व लोकतंत्र मजबूत होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







■ भारत एक समय दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था में 30 प्रतिशत अर्थव्यवस्था की पूर्ति होती थी

जिले के प्रबुद्ध वर्ग, समाज सेवी, डॉक्टर, वकील, व्यवसायी, समाज प्रमुख, शिक्षक, मानस परिवार, पेंशनर समाज, युवाओ, महिलाओ, बुजुर्गो सहित सभी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना का समर्थन करते हुए इसे देश के हित मे बताया। राष्ट्रीय विचार मंच के तत्वाधान में बालोद के पांची सिनेमा हाल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजनांदगांव लोकसभा के पुर्व सांसद अभिषेक सिंह थे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जीआर चुरेन्द्र ने किया। विष्टि अतिथि डा प्रदीप जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राकेश द्विवेदी उपस्थित थे।

अभिषेक सिंह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत एक सकारात्मक बदलाव को लेकर बुद्धिजीवियों एवं सामान्य वर्ग से समर्थन प्राप्त करने यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, भारत एक समय दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था में 30 प्रतिशत अर्थव्यवस्था भारत से पूर्ति होती थी, आयुर्वेद, अर्थशास्त्र, उच्च स्तर का ज्ञान हमने विश्व को दिया है, ज्ञान योग हमारे संतो, महर्षि, ऋषि मुनियों के तप ज्ञान से हमारे देश सोने की चिड़िया कहलाती थी। आक्रांताओ, वर्ण, वर्ग भेद, जाती पाती आपसी लड़ाई सहित अन्य कारणों से हम गुलामी की जंजीरों में जकडे गए, हम अपने पुराने वैभव को प्राप्ती एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर एक देश एक चुनाव को राष्ट्रहित में करना चाहते हैं, यह कोई नई बात नहीं है, आजादी के बाद 1967 तक सभी चुनाव एक साथ हुए 1967 के चुनाव आते–आते देश में कुछ राज्यों में गठबंधन की सरकारे बनी, इसके बाद कई राज्यों में मध्यावधि चुनाव कराए जिससे अलग अलग चुनाव होने लगे। 1991 से 2025 तक केंद्र और कई राज्यों के चुनाव एक साथ हुए कई बार केंद्र में भाजपा की सरकार और राज्य में कांग्रेस की सरकार को एक साथ मतदाता चुनते आए हैं। अलग अलग चुनाव से देश का 2 साल का कार्यकाल निकल जाता है जो किसी सरकार के 40 प्रतिशत समय है, आज देश का सालाना बजट लगभग 50 लाख करोड़ का है, सभी इलेक्शन एक साथ होते हैं तो साढे चार से आठ लाख करोड़ तक की बचत हो सकती है, जो कुल बजट का 10 से 15 प्रतिशत बचत होगी, इस राशि से निर्माण विकास कार्य पूरे देश में हो सकते हैं, साथ ही सभी चुनाव में लगने वाले आचार संहिता के कारण गरीब जनता के काम रुक जाते हैं, बार बार चुनाव से मीडिया मूल कार्यों से पृथक हो जाते हैं, शिक्षक प्रभावित होते है। शिक्षा मे बाधा उत्पन्न होती है, इसका दुष्परिणाम 15 वर्षों बाद समाज को सहना पड़ता है, शिक्षक अपने मूल कर्तव्यों को नहीं कर पाते। देश आज एक बड़े बदलाव के लिए आगे बढ़ रहा है इस विचार को क्रांति लाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जीआर चुरेंद्र ने कहा यह परिकल्पना समृद्व भारत विकसित भारत की परिकल्पना का अंग है, हम सब का पहला लक्ष्य राष्ट्र की बेहतरी के लिए कार्य करना है। चेमन देशमुख ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बर्बादी रुकेगी, सुरक्षा बलों का दबाव कम होगा, नागरिक एक साथ मतदान कर पाएंगे, जिससे भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र सशक्त बनेगा, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए दीर्घकालिक समाधान हो सकता है। डॉक्टर प्रदीप जैन ने कहा कि यह जन–जन के दिल से निकली आवाज है, यह देश के विकास और समृद्धि का रास्ता प्रशस्त करेगा चिकित्सा जगत, आईएनआई सभी इस बिल का समर्थन करते है। डॉक्टर आर.एन. चावड़ा ने कहा कि पेंशनर समाज एक देश एक चुनाव का समर्थन करता है, हम जन–जन तक जाकर इसके लाभ आम मतदाताओं तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सेवा निर्वित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डीआर गजेंद्र ने कहा कि बार–बार चुनाव से सबसे अधिक पीड़ा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को होती है, मतदाता सूची से लेकर मतदान संपन्न करने तक बच्चों के भविष्य को ताक में रखकर कर्तव्य निर्वहन करना पड़ता है। अधिवक्ता नर्मदा निशाद, व्यवसायी मोहन नाहटा, शिक्षक जितेंद्र सोनी, मानस परिवार की ओर से प्रतिमा यादव, युवाओं की ओर से आशुतोष कौशिक व अन्य वक्ताओ ने एक देश एक चुनाव की परिकल्पना का समर्थन किया।

**कार्यक्रम में ये हुए शामिल**

कार्यक्रम मे राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, रेड क्रांस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, कृष्णकांत पवार, राकेश छोटू यादव, नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू सहित जिले भर के सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, युवा, महिला संगठनो सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे। सभा में पुलवामा में 27 पर्यटकों, सौलानियो पर आतंकी हमले के मृतकों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए। आभार आयोजन समिति के संयोजक राकेश द्विवेदी ने किया। मंच संचालन मौसमी साहू ने किया।

### सुशासन तिहार में छड़ी मिलने से तेजराम को मिली राहत



**बालोद।** सुशासन तिहार न सिर्फ लोगों की मांगों एवं समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि लोगों का सहारा देने का माध्यम भी बन गया है। ऐसा ही एक सहारा मिला है बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डांडेसरा के बुजुर्ग तेजराम साहू को, जिन्होंने सुशासन तिहार में अपने चलने–फिरने की समस्या के समाधान हेतु छड़ी की माँग की थी। उम्र के इस पड़ाव पर, जब उनके कदम डगमगाने लगे थे और चलने–फिरने में असमर्थता उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना रही थी, एक साधारण छड़ी उनके लिए बड़ा सहारा बनकर आई। उनके लिए बाजार जाना, गाँव की गलियों में चलना, सामुदायिक आयोजनों में शामिल होना कठिन हो गया था। लेकिन अब एक साधारण छड़ी उनकी इस समस्या का समाधान बन गई है। तेजराम ने चलने–फिरने में हो रही अपनी समस्या को लिखकर, एक छड़ी उपलब्ध कराने की एक छोटी–सी माँग सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन तक पहुँचायी। उनके आवेदन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें एक मजबूत और आरामदायक छड़ी उपलब्ध कराई गई। यह छड़ी उनके लिए सिर्फ़ एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान का प्रतीक बनी। जब तेजराम ने पहली बार छड़ी के सहारे कदम बढ़ाए, तो उनके चेहरे पर संतुष्टि और खुशी की मुस्कान थी। उन्होंने कहा, "मैं सोच भी नहीं सकता था कि मेरी इतनी छोटी–सी बात को सरकार इतनी गंभीरता से लेगी। अब मैं गाँव में आसानी से घूम–फिर सकता हूँ।

## मेटलर्जिकल उद्योगों की चुनौतियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों की सहभागिता में मेटलर्जिकल उद्योगों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर उच्च स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई सेंटर तथा इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स (छत्तीसगढ़ चैप्टर) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन और बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी व महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे। बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक मंजू हरिदास, पूर्व महाप्रबंधक प्रभारी राजीव वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गांगुली, वरिष्ठ महाप्रबंधक (वेदांता एल्यूमिनियम लिमिटेड, लांजीगढ़) अभिषेक दुबे, अध्यक्ष (आईआईपीई छत्तीसगढ़ चैप्टर) एएन सिंह, तथा अध्यक्ष (आईईआई) पुनीत चौबे ने विचार व्यक्त किए। श्री दत्ता ने कहा कि शुरु में स्लैग के निष्पादन में अनेक चुनौतियाँ थीं, लेकिन सीमेंट संयंत्रों द्वारा स्लैग के उपयोग ने इसका समाधान किया।

## नगर निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जा हटाया। अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 खसरा नबंर 541 में अनिल अग्रवाल द्वारा लगभग 8000 वर्गफीट में प्रिकास्ट लगाकर घेरा किया जा रहा है। जबकि ग्राम जुनवानी राजस्व अभिलेख में अनिल अग्रवाल पिता घनपत अग्रवाल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। पूर्व में उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण गठित टीम द्वारा किया गया था। जिस पर बृजेश शर्मा द्वारा मुरूम डालकर एवं प्रिकास्ट घेरा करके अतिक्रमण किया गया था। जिसे संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में रिक्त करवाया गया था। उक्त शासकीय भूमि भिलाई सीमा के अंदर होने के नाते हल्का पटवारी प्रतिवेदन में पंचनामा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप आज कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के दुसरे खसरे में चालाकी पूर्वक अपना जमीन मानकर जानबुझ कर अतिक्रमण कर रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा को रिक्त कराया गया। स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

### शोकसभा में शामिल हुए डिप्टी सीएम शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज पाटन के सोनपुर स्थित छग आरएसएस के प्रांत प्रचारक अभयराम निषाद के घर पहुचे। वे श्री निषाद के पिता के निधन पर अंतिम संस्कार व शोक सभा में शामिल हुए। इस दौरान विभाग कार्यवाह संजय पाण्डेय,सह कार्यवाह दिलेश्वर उमरे, विभाग प्रचारक रोशन, नेतराम साहू, जिला कार्यवाह डां. सुनील पटेल, डां. सुनील साहू, जीतेन्द्र वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनन्द ओझा सहित ग्राम को लोग उपस्थित थे।

# वाहन चालकों की मनमानी, कानफोड़ू हार्न के ध्वनि प्रदूषण से जनता त्रस्त पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



■ सुप्रीम कोर्ट की हिदायत कागजों की शोभा, यातायात विभाग की चुप्पी

शहर की सड़कों पर इन दिनों भारी वाहनों, कारों और दोपहिया वाहनों में लगाए गए कानफोड़ हॉर्न आमजन के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देश और शासन के कड़े नियमों के बावजूद ध्वनि प्रदूषण बेलगाम होता जा रहा है। स्थिति यह है कि अस्पताल, स्कूल, बाजार और रिहायशी इलाकों में भी शोरगुल से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि ध्वनि का स्तर 100 डेसीबल से अधिक नहीं होना चाहिए और नो-हॉर्न ज़ोन में हॉर्न बजाना पूरी तरह वर्जित है। बावजूद इसके, दल्लीराजहरा में यह नियम केवल कागजों तक सीमित है। किसी भी चौराहे या सड़क पर चलें, कानफोड़ हॉर्न सुनाई देना आम बात है। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है।

**दल्लीराजहरा शहर की जनता त्रस्त, प्रशासन मौन-** शहर के नागरिकों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद न तो पुलिस और न ही परिवहन विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है। कार्रवाई के अभाव में वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। स्कूल के सामने से गुजरते ट्रक तेज हॉर्न बजाते निकल जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अस्पतालों के सामने भी ये हालात बने हुए हैं।

**स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव-** दल्लीराजहरा शहीद अस्पताल के चिकित्सक शैबाल जाना के अनुसार, लगातार तेज हॉर्न सुनने से बहरापन, मानसिक तनाव, नींद की कमी और दिल की बीमारियां तक हो सकती हैं। बुजुर्गों और बच्चों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ता है।

**प्रशासन को जगाने की जरूरत-** यह स्थिति बताती है कि या तो प्रशासन की आंखें बंद हैं या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार है। सवाल यह उठता है – क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का शहर में कोई मूल्य नहीं? क्या जनता को शांत वातावरण में जीने का अधिकार नहीं? आखिर कब तक जिम्मेदार विभाग 'मूकदर्शक' बने रहेंगे?

**दल्लीराजहरा की जनता की मांग :** अवैध हॉर्न वाले वाहनों पर तत्काल जुर्माना और जब्ती की कार्यवाही हो। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में नो-हॉर्न जोन के संकेत लगाए जाएं और उनका पालन सुनिश्चित किया जाए। ध्वनि स्तर की नियमित जांच के लिए मोबाइल टीम गठित की जाए। जन-जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों और वाहन चालकों को नियमों की जानकारी दी जाए।



## खबर संक्षेप



### इंश्योरेंस एम्प्लाईज यूनियन ने श्रमिक दिवस मनाया

**दल्लीराजहरा।** अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 01 मई को रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लाईज़ यूनियन, दल्लीराजहरा इकाई द्वारा गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यूनियन द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने एकजुटता और श्रमिक अधिकारों के लिए संकल्प लिया। ध्वजारोहण समारोह के बाद एक संक्षिप्त सभा का आयोजन हुआ, जिसमें यूनियन के अध्यक्ष कॉमरेड रवि बेलोधिया ने मजदूर दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन न केवल श्रमिकों के संघर्षों की याद दिलाता है, बल्कि हमें उनके अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा भी देता है। यूनियन के सचिव कॉमरेड अनिल रामटेके ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के दौर में जब श्रमिकों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में यूनियन की एकजुटता और सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन के भविष्य की योजनाओं और श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी पहलों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनियन के वरिष्ठ सदस्य डी.आर. सोरी, पी.आर. ठाकुर, सी.बी. वर्मा, अजय कुमार, राजा कुमार, सर्वेश बारले, एम.आर. तलमले, एस. शिवास्वामी, पी. महेश कुमार, आर.आर. ठाकुर, टेमिन मण्डावी, ओम प्रकाश देवांगन, महावीर सिंह, चुरेन्द्र, मनोज खुटे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर श्रमिक हितों की रक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन /"एकता और संघर्ष/" के नारों के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित सदस्यों को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया।

### अक्ति व श्रमिक दिवस पर किया वृहद पौधा रोपण

**गुरूर।** अक्षय तृतीया एवं मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम भुलनडबरी मे पंचम जिला एवं सत्र नयायधीश बिलासपुर मे पदस्थ नरेन्द्र कुमार नेताम के निर्देशन पर खेल मैदान मे वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण को आगे बढाने के लिए ग्राम के युवाओं को प्रेरित किया है। नेताम ने बताया कि यह केवल एक वर्ष के लिए नही बल्कि प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। न्यायधीश ने ग्राम ठेकवाडीह मे युवा एवं कर्मचारी संघ के द्वारा किये गये पौधारोपण कार्य का सराहना की। दो दिन से खेल मैदान में तार घेरा, पानी की समुचित व्यवस्था कर रहे है। ग्रामीणो को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे है। खेल मैदान में छाया दार, फलदार पौधारोपण मे बरगद, पीपल, शीशम, नीम, कटहल, बादाम, करंज का पौधारोपण किया गया। गांव के युवाओं ने एक एक पौधारोपण करने का संकल्प लें रहे है। जिसमे योगेश साहू, ओमप्रकाश साहू, टोमन साहू, सियाराम नेताम, मंगल खुरश्याम, राजू उइके, केजू कोरपे, चुनूराम कोरपे, बिषेलाल नेताम, घसिया राम, ईतवारी नेताम, संतराम नेताम, भानूराम सिन्हा, भूपेश साहू, शिशुपाल नेताम, संतोष नागवंशी, नवल सिह नेताम, विजय नेताम, ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणो का योगदान रहा।

**कार्रवाई : प्रशासन का अचानक इस प्रकार पैतरा बदलने से कार्रवाई संदेह के दायरे में**

# कांकेर और बालोद जिला सीमा विवाद के कारण रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई से इनकार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पोंड मे जिस रेत खदान मे खनिज राजस्व विभाग बीते एक पखवाड़ा पूर्व ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रहा था, वह अचानक अब कांकेर जिला का क्षेत्र बताकर प्रशासन कार्यवाही से इंकार कर रहा है। शनिवार को वहां एक साथ चार चैन माउंटेन मशीन से दिन रात रेत खनन होने लगा है, सीमा परिवर्तित करने की घोशणा खनिज व राजस्व विभाग ने बिना सीमांकन कराए ही कर लिया। विकासखण्ड का ग्राम पोंड वर्षो से अवैध रेत खनन का गढ़ बना हुआ है, यह खेल ग्रामीणो के संरक्षण मे, खनिज व राजस्व विभाग की मिली भगत से चलता रहा है। सालो से राजस्व व खनिज विभाग महानदी के जिस क्षेत्र मे खनन होने पर कार्यवाही करता था वह क्षेत्र वर्षो बाद अचानक कांकेर जिला का बताया जाने लगा। प्रशासन के अचानक इस प्रकार पैतरा बदलने से प्रशासन की कार्यवाही संदेहे के दायरे मे आ गई है। खनिज व राजस्व विभाग द्वारा बीते महीने एक सप्ताह मे तीन बार कार्यवाही की गई। पहली कार्यवाही मे कुछ प्रशासन को कुछ नही मिला, मामले मे जब जन दबाव बना एवं मामला सार्वजनिक हुआ तब दूसरी बार मे एक चैन माउंटेन जप्त किया गया। तब भी प्रशासन की इस कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाया गया, क्योकि दिन के उजाले मे सड़क से चलते हुए रेत खदान मे खड़ी हाईवा व चैन माउंटेन दिखता था, लेकिन विभाग ने मात्र चैन माउटेन को जप्त किया, तब भी प्रशासन को कटघरे मे खड़ा किया जाने लगा। तब प्रशासन ने तीसरी कार्यवाही मे एक चैन माउंटेन व दो हाईवा को जप्त किया। जबकि तब भी रेत खदान मे दर्जनो हाईवा के आने जाने का क्रम लगातार जारी दिखा। अर्थात मामले मे जब जब जन दबाव बना तथा प्रशासन की किरकिरी हुई तब प्रशासन ने पहले से बड़ी कार्यवाही की। इन कार्यवाही के दौरान प्रशासन की कार्यशैली को देखकर लगातार प्रशासन पर आरोप लगाया जा रहा था कि प्रशासन रेत माफियो को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है व कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रही है।

लगातार जन दबाव पड़ने एवं मामला सार्वजनिक होने तथा विभाग की हो रही लगातार किरकिरी से बचने विभाग ने चौकाने वाला पैतरा खेला एवं जिस स्थान पर खनन होने पर वर्षो से बालोद जिला प्रशासन कार्यवाही करता आ रहा था उसे अचानक कांकेर जिला का क्षेत्र घोशित कर दिया। कांकेर जिला का खदान घोशित करने के बाद प्रशासन ने रेत खदान से आंखे मूंद ली। जबकि मशीन से लगातार रेत खनन किया जा रहा है जो कि वैध खदान मे भी प्रतिबंधित है। वही रेत खदान के अतिरिक्त सभी गतिविधियां बालोद जिला मे हो रही है, रेत से भरे हाईवा बालोद जिला की भूमि से होकर बाहर निकल रहे है। बालोद जिला की सड़के खराब हो रही है।

- खनिज विभाग ने बीत पखवाड़े रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की पर अब कांकेर क्षेत्र बताकर नहीं की जा रही

**पटवारी मंडावी ने कहा-डेढ़ दशक से पदस्थ हूं, मैने कभी सीमांकन नहीं किया**



**कांकेर जिला है बालोद से परिवहन नहीं रोक सकते**

जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने कहा जहां वर्तमान मे खनन हो रहा है वह कांकेर जिला का क्षेत्र है, बालोद जिला की नदी क्षेत्र मे हाईवा खड़ी हो सकते है। बालोद जिला से परिवहन को मै नही रोक सकती। बालोद जिला मे खनन की शिकायत है तो मै दिखवा लेती हूं।

**सीमांकन नहीं किया गया**

मामले मे जब वहां उपस्थित लोगो से चर्चा की गई तो उन्होने कहा हमने ग्रामीणो को 20 लाख रूपये दिया है। उपर तक बात हो गई है। सभी की सहमति है। मामले मे क्षेत्र के पटवारी डोमेन्द्र कुमार मण्डावी ने कहा पोंड का प्रभार लेने के बाद से मैने वहां कभी कोई सीमांकन नही किया है। यहां लगभग ढेड़ साल से पदस्थ हूं।

**शिकायत की पर कार्रवाई नहीं**

सरपंच ग्राम पंचायत पोंड हेमलता चोरमार ने कहा मै बीते सोमवार को पोंड मे रेत खनन की जानकारी खनिज विभाग को दी थी, लेकिन कोई एक सप्ताह बाद भी कोई नही आया। हमे बताया गया कि कांकेर जिला की सीमा मे खनन हो रहा है, जबकि कोई सीमांकन कभी नही किया गया। जहां पहले खनन होता था, वही आज भी खनन हो रहा है।

## बाजे-गाजे के साथ पुतरा-पुतरी की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के बजरंग नगर मोहल्ले में अक्षय तृतीया (अकती त्योहार) के दूसरे दिन से बच्चों द्वारा रीति-रिवाज अनुसार बाजे गाजे के साथ मंडप बनाकर चुलमाटी की रस्म निभाई गई, रात्रि में पुतरा पुतरी में तेल हल्दी चढ़ाकर एक दूसरे में हल्दी लगाकर मायन नाचा नाचकर बजरंग नगर मोहल्ले से बाजार चौक के चौराहे में बारात के लिए प्रस्थान किया गया, रात्रि में टिकावन का कार्यक्रम भी संपन्न किया गया साथ ही साथ शादी की रश्मे को निभाते हुए पुड़ी, खीर, लड्डू एवं प्रीति भोज खिलाकर पुतरा पुतरी का विवाह संपन्न किया गया बताया जाता है कि वनांचल क्षेत्र में



स्कूली बच्चों की पढ़ाई खत्म होते ही गर्मी छुट्टी होने के बाद अक्ति त्यौहार के दूसरे दिन से बच्चों को मनोरंजन के लिए प्रतिवर्ष पुतरा पुतरी का विवाह बड़े ही उत्साह पूर्वक किया जाता हैं इस विवाह में बच्चों के साथ-साथ मोहल्ले के महिलाएं भी खुशी-खुशी से कार्यक्रम में शामिल होती है, कार्यक्रम में पायल, डिम्पी ,संध्या, लता, चंद्रकला, मनीषा, हिमानी दिशा नूतन तनुजा दुर्गा दामिनी रवीना, दीपकी, भूमिका, हेतल, कंचन, सिमरन, प्रिंसी, अनीशा, ज्ञानवी,काव्या, मोहल्ले की महिलाएं - प्रभा, कविता, दुर्गा, प्रमिला बाई, ललिता, डोमेश्वरी, दुर्गा, पूर्णिमा, फुलो बाई, शिव कुमारी, गंगाबाई, इंद्रोतीन बाई, लता निषाद, सहित मोहल्ले के सभी महिलाओं का सहयोग रहा।

## केरल की छात्र टीम ने जैविक खेती पर किसानों से चर्चा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटनी में गुण्डरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद के निवेदन पर माता (अम्मा) मां अमृतानंदमयी (केरल) से अमृता विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं की टीम ग्राम पंचायत कोटनी जिला दुर्ग में जैविक कृषि अभियान के तहत गांव के किसानों एवं महिलाओं से मिलकर विस्तृत चर्चा किया। टीम का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से किसने महिलाओं एवं ग्राम वासियों को विभिन्न कौशलों एवं उद्योग आदि में दक्ष बनाया जाता है। इससे वे अपने पारंपरिक जीवन से आगे बढ़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो पाते हैं। विदेशी स्टूडेंट्स सौम्या मैम, अरुण सर, हरि सर, अनुप सर, ब्रिजेट ओवेन्स टोंडेरी, अनुजा श्रवंत, थम्मना दिव्या, सारिन, नीरज, अमल अश्विन, प्रियम्वदा, अभिनव, विश्वजीत, आर्या, अद्वैता, कीर्ति प्रभु ,अम्बरीश, युवन, सुंद शिवा ,सूर्या एवं ग्राम प्रमुख रामसिंह निषाद सरपंच कोटनी ललिता निषाद सरपंच पीपरछेड़ी देवेन्द्र साहू उपसरपंच धनीराम निषाद विरेन्द्र निषाद युवा अध्यक्ष निषाद समाज पन्ना निषाद मनोज निषाद शिव निषाद अगरहिज साहू चैतराम साहू महेन्द्र रिगरी पोषण साहू भीषम साहू विजय राजपूत तोमन यादव दुलेश यादव दीपेश निषाद हेमलता निषाद सुमन निषाद गंगौत्री निषाद हितेश्वरी साहू पूर्णिमा ठाकुर निर्मला निषाद ज्योति ठाकुर मधुलाता निषाद आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मोक्ष सेवा संस्थान ने पीड़ित यादव परिवार की मदद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

निकुम के यादव परिवार पर दुखो का पहाड़ गिर गया, ड़ेढ दशक पहले पति की ट्रेन में कटकर कर मौत हो चुकी है, बीते 15 दिन पहले 27 वर्श के संदीप यादव की कुम्हारी में शादी समारोह से लौटते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, घर का चिराग ही बुझ गया, घर में सिर्फ मां लता यादव और विनिता यादव जो कक्षा 12 में वी में पढ़ाई कर रही है। घटना के बाद इस परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, वही इस घटना के जानकारी लगते ही बालोद जिले के नाड़ी वैघ व 64 योगनी मोक्ष सेवा संस्थान लिमोरा के संस्थापक बिरेन्द्र देशमुख ने मानवीय परिचय देते हुए दुर्ग जिले ग्राम निकुम में पीड़ित परिवार के घर पहुचकर पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की सहायता कर बेटी विनिता यादव को कॉलेज की शिक्षा दीक्षा की जिम्मेदारी ली, वही इस अवसर पर बिरेन्द्र देशमुख ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है, निःस्वार्थ भाव से सभी की सेवा करना ही परम्पिता परमात्मा की सेवा के तुल्य है,



परोपकार की आंच में ही मानव जाति रुपी सोना निखरता है मानव समाज की उन्नति परोपकार पर टिकी है, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को बिना स्वार्थ भावना के परोपकार करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, रोशन देशमुख, श्याम बेलंचदन सहित यादव परिवार रहे।

## सम्मान के साथ प्राचार्य महेश को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के सुदूर गांव रेंगाडबरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ महेश कुमार कार्ते प्राचार्य के सेवानिवृत होने पर शाला की समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सम्मान पूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महेश कुमार कार्ते ने व्याख्याता के पद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,बेलरगांव जिला रायपुर में सेवा प्रारंभ की। में शासकीय हाई स्कूल बिंद्रानवागढ़ जिला रायपुर वर्तमान जिला गरियाबंद में प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हुआ तत्पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी जिला दुर्ग वर्तमान जिला बालोद में स्थानांतरण हुआ। 25 वर्ष रेंगाडबरी में ही सफल सेवा पूर्ण किये, कुल सेवा 37 वर्ष रही। आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगचुवा व रेंगाडबरी के रूप में सफल दायित्वों का निर्वहन की। प्राचार्य श्री कार्ते जी की विदाई में उपस्थित शिक्षकों में भाव विभोर होकर सम्मानित किया। समारोह में मंगचुवा स्कूल एवं रेंगाडबरी शिक्षक पोषण रावटे,



सुरेंद्र साहू, घनश्याम रावटे, जे आर बरिहा, सुधीर साहू, सतीश साहू सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे। स्कूल के अध्यक्ष जयेश जैन, दराज खान, राम सजीवन गुप्ता, थान सिंह रावटे, रवि भंडारी, तुलेश साहू, लखन लाल चंद्राकार,नेमन साहू, श्रवण यादव सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे।

## कोड़िया स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुईं विविध स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यि में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसका मुख्य थीम स्वस्थ जीवन शैली के अंतर्गत फ्लोरा क्यू आर कोड की गतिविधि का आयोजन था जिसमें जागरूकता हेतु चित्रकला रंगोली निबंध लेखन स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में भाग लिया विद्यालय परिसर में स्थित करंज केला अमरूद अशोक अमलतास के वृक्ष का क्यू आर कोड निर्माण किया गया इस कोड को स्कैन करने से उसे वृक्ष की सारी जानकारी उपलब्ध हो सकती है इस अवसर पर व्याख्याता डॉ सरोज साहू के द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व को विद्यार्थियों से साथ साझा किया गया एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश व शपथ लिया गया सभी कार्यक्रम इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत संपन्न हुआ जिसका संचालन इको क्लब प्रभारी डॉ सरोज साहू एवं वेदिका साहू द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह देशमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के व्याख्याता शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन दानेश्वरी सिन्हा वेदिका साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू हिरेंद्र साहू एवम सुनीता साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

### अवैध प्लाटिंग पर हुई निगम की कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। लंबे समय से इसकी शिकायत निगम को मिल रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 दादर पथर्रा वार्ड में अवैध प्लाटिंग चल रही थी। शिकायत पर निगम ने जेसीबी वाहन की मदद से जमीदोज किया गया।निगम आयुक्त डीएस राजपूत का अपनी टीम भेजकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप अभियंता मुकेश रात्रे के द्वारा अपने अमले के साथ मौके पर पहुंच कर अवैध प्लाटिंग को तोड़फोड़ किया है। मौके पर टाईम कीपर श्यामता साहू समेत जेसीबी चालक भी मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**अधिकारी आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण सुनिश्चित करें**

## कलेक्टर ने सुशासन आवेदनों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आमजनों से प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु आज कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक ली।

उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने राजस्व, कृषि, शिक्षा, जलसंसाधन, पीएचई, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों



को आवेदनों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आगामी 05 मई से शुरू होने वाले समाधान शिविरों की तैयारियों पर भी चर्चा की। कलेक्टर ने इन शिविरों को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और शासन–प्रशासन के बीच पारदशएँ संवाद स्थापित करना है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें के नागरिकों को उनकी शिकायतों और मांगों के समाधान के लिए एक सुलभ मंच मिलेगा।

कलेक्टर ने कहा कि समाधान शिविरों में बैठक, छाया, बिजली, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं से जुड़े स्टॉल भी लगाए जाएं। उन्होंने शिविर में आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य शिविर लगाने, एम्बुलेंस की व्यवस्था करने सहित पुलिस प्रशासन का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ से कहा कि वे शिविर स्थल की जानकारी जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

